## सार-समाचार

### राम जानकी विवाह प्रसंग की कथा

**चिड़ावा,** । भगवान विष्णु का एक नाम विवाह भी है जो भी भक्त एक निष्ठ होकर भगवान के चरणों मे अपने आप को समर्पित कर देता है। भगवान उसे अपना बना लेते है। भक्ति का तातपर्य है स्व का भंजन अर्थात अपने होने का भान त्यागकर सबकुछ भगवान को ही समझना। उक्त कथन वाणीभूषण प्रभुशरण तिवाडी ने चिड़ावा के रेलवे स्टेशन के पास श्री दुर्गा मंदिर मे श्री मैढ़ क्षित्रय स्वर्णकार समाज चिड़ावा की ओर से चल रहीं राम कथा के तृतीय दिवस राम जानकी विवाह के अवसर पर व्यास पीठ से प्रवचन देते हुए कहे। तिवाड़ी ने मनुष्य का परम उद्देश्य भगवान की प्राप्ति को बताया। वहीं कथा में ताड़का वध, अहिल्या उद्धार, धनुष यज्ञ की कथा का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा में राम जानकी विवाह की सजीव झांकी एवं भक्तिमय संगीत ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा से पूर्व पंडित सियाराम शास्त्री के आचार्यत्व में यजमान प्रदीप-कविता सोनी ने व्यास और मानस पूजन किया। इस मौके पर श्री मैढ़ क्षित्रय स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष राजेश सोनी भामा, रवि सोनी, सुरेंद्र सोनी, गोपाल सोनी, माणकचंद सोनी, सुभाष वर्मा, सुशील फतेहपुरिया, प्रेम कुमार सोनी, लीलाधर सोनी, राजू जांगिड़, गोविंद सोनी, मुकेश सोनी, राजेंद्र वर्मा, सुरेश शर्मा सहित काफी श्रद्धालु मौजूद रहे।

### रामनवमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**नवलगढ,** । रामनवमी महोत्सव को लेकर गणेशपुरा के कार्यकर्ताओं के साथ रामनवमी महोत्सव के कार्यकर्ता केसाथ गणेशपुरा बालाजी के मंदिर प्रांगण में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में सर्वप्रथम गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद शोभायात्रा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा ठीक शाम चार बजे 26 मार्च को भगवान राम की शोभायात्रा प्रारंभ करने का आठाह किया गया। इस अवसर पर विश्वनाथ जोशी, रामकुमारसिंह राठौड़, मेजर डीपी शर्मा, प्रोफेसर गिरधारीलाल वर्मा, मुरली मनोहर चौबदार, दीपक सोनी, भैरवसिंह, अनिल कुमार मटोलिया, रामावतार बील, अरविंद मटोलिया, लादूसिंह, कप्तान जखनाड़िया, संदीप शर्मा, ओमप्रकाश दर्जी, रजत बील, संदीप जांगिड़, राजेश सैनी, शिवदयाल सैनी, जयवीरसिंह, बंटी पुजारी, मयूर शर्मा, पिंटू शर्मा, रामसिंह, यश शर्मा, कैलाश, संदीप सैनी, विपिन पुरोहित, सूर्यकांत पीपलवा, महेंद्र शर्मा सहित गणेशपुरा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर रामकुमार सिंह राठौड़ ने बताया कि इस बार शोभायात्रा में गांव से काफी संख्या में महिला पुरुष राम भक्त शोभायात्रा में शामिल होंगे।

### गणगौर महोत्सव का आयोजन

**मुकुंदगढ़,** । कस्बे के गोपीनाथ चौक में शनिवार रात को युवा विकास मंच की ओर से होली स्नेह मिलन में गणगौर महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा ने गीत गाकर कार्यक्रमी का शुभारंभ किया। कार्यकर्ताओं ने डॉ. शर्मा का 51 किलो फूलों की माला व साफा पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान आतिशबाजी भी की गई। जयपुर की सुरीले म्यूजिक हर्षवर्धन एड पार्टी ने धमाल व लोकगीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण सैनी, शहजाद चोपदार उपाध्यक्ष, पार्षद राजकुमार चेजारा, रमेश दर्जी, प्रमोद पचलंगिया, आरिफ भाटी, अशोक बेरवाल, पवन पचलंगिया, रामस्वरूप वैद, पवन शर्मा, रामू, शिवकुमार, इकबाल, सुशील, पप्पू सोनी, राजकुमार कटारिया, आकाश, नागर, इकबाल, प्रहलाद, सुरेश सैन, रामगोपाल डोलिया एवं युवा विकास मंच के समस्त कार्यकर्ता मौजूद थे।

### स्मार्ट प्रतियोगिता आयोजित

**चूरू।** जीवनी इंटरनेशनल स्कूल में जे-स्मार्ट प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। जे-स्मार्ट प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जीवनी सैनिक, मिलिट्री के इंचार्ज राहुल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जे-स्मार्ट प्रतियोगिता में कक्षा चौथी से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जीवनी इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों को सैनिक, मिलिट्री एवं नवोदय विद्यालय की तैयारी साप्ताहिक टेस्ट सीरीज द्वारा करवाई जाती है। विद्यालय के निदेशक रितेश मील ने बताया कि संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। जे-स्मार्ट प्रतियोगिता में सैनिक, मिलिट्री परीक्षा में अव्वल रहने वाले विजेता प्रतिभागी को पुरस्कार स्वरूप 51 हजार रुपए तक की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। इसी के साथ अन्य स्तर पर भी पुरस्कार स्वरूप स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर जीवनी एजुकेशन ठाुप के चेयरपर्सन सांवरमल मील ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरन्तर परिश्रम करने व सफलता अर्जित करने की प्रेरणा दी तथा भविष्य में आयोजित होने वाली समसामयिक परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया। शैक्षिणक कार्यवाहक सुनिल वर्मा ने कहा कि जे-स्मार्ट प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने परीक्षा में उत्साह के साथ भाग लिया। जे-स्मार्ट परीक्षा अनुशासन एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराई गई। उप प्रधानाचार्या दीपा शर्मा ने उपस्थित समस्त अभिभावक गण एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफगण उपस्थित रहे।

### बसावा में अंबेडकर जयंती पर निकालेंगे रैली

**खिरोड,** । बसावा में अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अंबेडकर जयंती पर गांव के मुख्य मार्गों से रैली निकाली जाएगी। रैली की शुरुआत अंबेडकर चौक से होगी। जो गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड पर स्थित अंबेडकर भवन पर समापन होगा। जहां अंबेडकर जयंती समारोह मनाया जाएगा। अंबेडकर युवा मंच के मामराज सोगण ने बताया कि मीटिंग में महावीरप्रसाद, गणेशराम, सत्यनारायण, रोहित सोगण, प्रमोद सोगण, नरेशकुमार, सुरेश कुमार, बंशीलाल, महेन्द्र, अनिल, जयप्रकाश, हरिराम, सीताराम, रामचंद्र, ओमप्रकाश, मुकेश, जितेंद्र, भगवानराम, विजय, अमित, सुखराम, इंद्राज सोगण, राजेश दूत सहित काफी लोग मौजूद रहे।

### मेजबान ने जीता वॉलीबॉल का फाइनल मैच

**मुकुंदगढ** । समीपवर्ती डूंडलोद कस्बे में गणगौर महोत्सव के अंतर्गत चल रही राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ। प्रतियोगिता में फाइनल मैच डूंडलोद और आर्यन एकेडमी के मध्य शानदार मुकाबला हुआ। जिसमें डूंडलोद ने 3-0 से जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी रजनीश डोटासरा मिली और मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रियांशु मैढ़ को दिया। पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा ने विजेता टीम को 7100 रुपए की नगद राशि व ट्रॉफी उप विजेता टीम 4100 नगद राशि व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। वहीं पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. शर्मा ने कहा निरंतर मेहनत करने वालो की कभी हार नहीं होती। निरंतर मेहनत करने वालों को एक दिन सफलता अवश्य मिलती है। इस मौके पर सुरेश पूनियां, मनफूल पूनियां, प्रद्युम्न शर्मा, दिनेश मैढ़, शंकर मिश्रा, संदीप भूत, हरिश मिश्रा, गिरधारी पाराशर, मुकेश भार्गव, सुरेश नायक, अमित पाराशर, प्रकाश चौधरी, महेंद्र पूनियां, मुकेश मिर्जवास, मुकेश यादव, शंकरलाल भार्गव, अंकित डोटासरा, सचिन सिहाग, अयूब बेहलीम, अरुण सैयद, मकबूल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजद रहे।

### चांद चढ्यो गिगनार....

**चूरू:** चांद चढ्यो गिगनार, किरत्यां ढळ आयी आधी रात.......,नखराळों देवरियो भाभी पर जादू कर ग्यो, मेहंदी रची म्हारा हाथां में, घुळ रहयो काजळ आंख्यां में, चुनड़ी को रंग सुरंगों म्हारा सायब जी......की आकर्षक प्रस्तुतियों ने चूरू की धरती पर एक बार फिर लोक संस्कृति को साकार कर दिया। अवसर था शनिवार शाम को बागला स्कूल खेल मैदान में चल रहे चूरू महोत्सव-2026 के समापन पर मरू कोकिला सीमा मिश्रा की आकर्षक प्रस्तुतियों का। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी निश्चय प्रसाद एम सहित अधिकारी जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। मरू कोकिला सीमा मिश्रा ने केसरिया बालम, आओ नी, पधारो म्हारे देश की गूंज के साथ सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया और मेहंदी, पूरब की नौकरी, पीपली, पिऊ-पिऊ बोले मोरियो..जैसे राजस्थानी गीतों से राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को सजीव कर दिया। जैसे ही मंच पर मरु कोकिला सीमा मिश्रा ने अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरना शुरू किया, तो पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। चूरू महोत्सव की इस सांस्कृतिक शाम में सीमा मिश्रा, दीपक की सुरमयी प्रस्तुतियों ने राजस्थान की लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया।

# जल प्रबंधन में महिलाओं की बराबर भागीदारी ही जल और लैंगिग समानता : पंडित तिवाड़ी

- डालमिया सेवा संस्थान द्वारा विश्व जल दिवस के उपलक्ष में जिला स्तरीय जल योद्धा कार्यशाला का आयोजन

**चिड़ावा** । शेखावाटी अंचल के चिड़ावा क्षेत्र में जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्थान रामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान द्वारा रविवार को विश्व जल दिवस के अवसर पर संस्थान प्रागंण में चिड़ावा क्षेत्र से गांवों से आए हुए जलयोद्धाओं के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जल संरक्षण के महत्व से अवगत करवाना था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने जल संकट की गंभीरता पर प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार छोटे-छोटे प्रयास बड़े ला सकते है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से विभूषित वाणीभूषण प्रभुशरण तिवाड़ी ने मंत्रोच्चार से शुभारंभ कर सभी को जल की एक-एक बूंद की महत्ता बताते हुए कहा कि जल का वैज्ञानिक दृष्टि के अलावा धार्मिक दृष्टि से भी जल को पूजनीय मानते हुए अपना महत्व है। तिवारी ने कहा कि जल को एक ही दिन नहीं बल्कि प्रत्येक दिन इसका पूजन होना चाहिए। इसका मित्तव्यता और समझ के साथ उपयोग करना भविष्य की आवश्यकता है। महिलाओं से आठाह किया कि अपने बच्चों को शुरू से ही जल का महत्व और जल बचत के फायदे आदि सब को उनके संस्कारों के साथ जोड़े। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संस्थान सलाहकार और शेखावाटी जल बिरादरी के अध्यक्ष निरजंन सिंह ने उपस्थित सभी को बताया कि हमारा भूजल तेजी से गिरता जा रहा है और वर्षाजल का समुचित प्रंबधन पूरे देश में नहीं हो रहा है। आज की आवश्यकता है कि वर्षाजल एंव भूजल के समुचित प्रबंधन के साथ-साथ भूजल पुनर्भरण एवं पौधारोपण को महत्व दिया जाए। इसके साथ ही समाज में आज के समय बढ रही अराजकता, नशामुक्ति आदि पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित सभी से शपथ दिलवाई कि हम सभी जल बचाने के साथ-साथ एक-एक पेड़ सभी अपने जीवन में अवश्य लगाये और उसकी देख-रेख कर उसे बड़ा करें। कार्यक्रम में संस्थान के जल संसाधन एवं ठाामीण विकास समन्वयक सजंय शर्मा ने सभी को विश्व जल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए डालमिया परिवार द्वारा पानी एंव पर्यावरण के लिए किए जा रहे विकास कार्यों से उपस्थित अतिथियों का अवगत कराया एवं भविष्य में भी इसी प्रकार जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन करते रहने के बारे में कहा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डालमिया ट्रस्ट के प्रशासक कुलदीप कुल्हार ने सभी को उद्बोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन में जल का जो महत्व है। उसे हमारे समाज ने हमेशा ही एक आर्दश स्थान दिया है। परंतु प्राकृतिक संसाधनों के अत्याधिक दोहन व स्वार्थसिद्धी के कारण पर्यावरण का असंतुलन बढता जा रहा है। जिसका परिणाम है कि जलवायु परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस विश्व जल दिवस के उदेश्य को तभी सफल माना जा सकता है। जब समाज में सब मिलकर वर्षा जल संचयन, जल पुर्नचक्रण और जल के विवेकपूर्ण पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दे और समाज को इसके लिए जागरूक करें। इसके साथ ही कुल्हार द्वारा उपस्थित अतिथियों एवं जलयोद्धाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान की आईटी आफिसर मोनिका स्वामी ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के क्षेत्रीय जल संसाधन एवं कृषि अधिकारी सूरजभान रायला, अजय बलवदा, राकेश महला, अनिल सैनी, शिवनारायण, लक्ष्मण आदि सहित 80 जलयोद्धा उपस्थित रहे।

## लेखिका सिंह का भव्य सम्मान समारोह

**झुंझुनूं।** नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में राजस्थान स्तर पर तृतीय स्थान हासिल कर झुंझुनूं के डिफेंस पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा लेखिका सिंह ने ना केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में एक भव्य एवं गरिमामयी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उत्साह और गौरव का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। समारोह में प्रिंस ठाुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने लेखिका सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे राजस्थान के लिए गर्व का विषय है और ऐसे होनहार विद्यार्थी ही किसी संस्थान की असली पहचान होते हैं। उन्होंने भविष्य में भी प्रतिभाशाली छात्रों को हरसंभव प्रोत्साहन देने की प्रतिबद्धता दोहराई। विद्यालय के निदेशक निर्मल कालेर ने अपने संबोधन में कहा कि लेखिका की सफलता उसकी लगन, कठिन परिश्रम और अनुशासन का प्रतिफल है। उन्होंने इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताते हुए शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग को भी सराहा। इस अवसर पर लेखिका सिंह के अभिभावकों ने विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरूजनों के कुशल मार्गदर्शन और सकारात्मक शैक्षिणक वातावरण ने उनकी पुत्री को इस मुकाम तक पहुंचाया है।

## होली मिलन समारोह 29 को होगा आयोजित

**सीकर**/ रावणा राजपूत सभा समिति की बैठक सिटी डिस्पेंसरी नंबर 2 के पीछे स्थित रावणा राजपूत सभा भवन में आयोजित हुई बैठक में आयोजन समिति के संयोजक सदस्यों एवं मीडिया प्रभारी का प्रस्ताव उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया आयोजन समिति में भगवान सिंह गहलोत देवेंद्र सिंह खेजडोलिया हेमंत नरूका आनंद सिंह कच्छावा नीरज चंदेल गोविंद सिंह तंवर माल सिंह सोलंकी तथा योगेश सिंह शेखावत को शामिल किया गया बैठक में कच्छावा को मीडिया का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया गठित आयोजन समिति सभा समिति के आयोजन से संबंधित सभी कार्य को संपादित करेगी सभा समिति के पूर्व सचिव सत्यनारायण पवार ने बताया कि आज आयोजित हुई बैठक के सभा अध्यक्ष स्वरूप सिंह चौहान रहे बैठक में सर्वसम्मति से 29 मार्च को होली मिलन समारोह मनाए।

# झुंझुनूं की शादी बनी मिसाल, सादगी और संस्कार को दी प्राथमिकता

**झुंझुनूं,** 22 मार्च। शहर में एक ऐसी शादी संपन्न हुई। जिसने परंपराओं के नाम पर चल रही कई सामाजिक कुरीतियों को पीछे छोड़ते हुए समाज को नई दिशा देने का काम किया। आमतौर पर राजपूत समाज की शादियों में जहां खाने के साथ शराब और नॉनवेज को परंपरा का हिस्सा माना जाता रहा है। वहीं इस विवाह समारोह में इन सभी चीजों से पूरी तरह दूरी बनाकर एक सकारात्मक संदेश दिया गया। स्त्री शक्ति महिला समूह की संयोजिका एवं सामाजिक कार्यकर्ता ललित राठौड़ और व्यवसायी कुंवर वीरेंद्र सिंह शेखावत ने अपने पुत्र बुद्धदेव सिंह शेखावत की शादी को सादगी, संस्कार और समाज सुधार का उदाहरण बना दिया। इस विवाह में न तो शराब परोसी गई और न ही नॉनवेज भोजन रखा गया। इतना ही नहीं, वर्षों से चली आ रही 'वस्त्र व्यवहार' जैसी परंपरा को भी त्याग दिया गया। जिससे अनावश्यक सामाजिक दबाव को खत्म करने की पहल दिखाई दी। सबसे प्रेरणादायक पहल रही-दहेज प्रथा का पूर्ण बहिष्कार। दोनों परिवारों ने मिलकर यह साबित किया कि रिश्तों की नींव लेन-देन पर नहीं, बल्कि आपसी सम्मान और संस्कारों पर टिकी होती है। शादी के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए दूल्हा-दुल्हन की अगुवाई में 100 पौधे लगाए गए और उनकी देखरेख का संकल्प लिया गया। जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित संदेश है। भात में प्राप्त 1 लाख 13 हजार रुपये की राशि को भी निजी उपयोग में न लेते हुए बालिका शिक्षा के लिए दान कर दिया गया। यह कदम न केवल शिक्षा के महत्व को दर्शाता है, बल्कि समाज में बेटियों के सशक्तिकरण का मजबूत संदेश भी देता है। यह विवाह लादड़िया डीडवाना निवासी मंजू कंवर और ठाकुर सुरेंद्र सिंह राठौड़ की सुपुत्री डॉ. सिमरन राठौड़ के साथ संपन्न हुआ। पूरे झुंझुनूं जिले में इस अनूठी और संदेशपरक शादी की सराहना हो रही है। वर पक्ष की ओर से की गई इस पहल को स्वागत वधु पक्ष ने भी किया। उन्होंने भी वस्त्र व्यवहार को ना किया। साथ ही मास-मदिरा निषेध का पालन किया। इस शादी में पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार, पूर्व आईजी सुरेंद्र सिंह शेखावत, पुरस्कृत आरईएस मोहनसिंह प्यांवा, आरईएस किशनसिंह राठौड़, एडवोकेट गोविंदसिंह राठौड़, श्री शार्दुल एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव बजरंगसिंह शेखावत, पूर्व विधायक डॉ. मूलसिंह शेखावत आदि शामिल हुए। जिन्होंने इस पहल की प्रशंसा की। वहीं परिवार ने राजस्थान एजुकेशन बोर्ड के पूर्व सेक्रेट्री सवाई सिंह शेखावत को इस कार्य के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। यह शादी सिर्फ दो परिवारों का मिलन नहीं, बल्कि एक सोच का बदलाव है।

# सूरजगढ़ में अंबेडकर समिति की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से हुआ गठन

- 14 अप्रेल को भव्य जन्मोत्सव के साथ 30 लाख की डिजिटल लाइब्रेरी की रखी जाएगी नींव, बालिका शिक्षा को मिलेगा नया आयाम

**सूरजगढ़,** । कस्बे के श्री रैगर समाज सामुदायिक भवन में आयोजित आम सभा में सामाजिक एकजुटता और विकास का सशक्त संदेश देखने को मिला। वरिष्ठ समाजसेवी फूलचंद सुनिया की अध्यक्षता में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में कस्बे की अठाणी संस्था डॉ. भीमराव अंबेडकर समिति सूरजगढ़ की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। सभा में उपस्थित समाज के गणमान्य लोगों ने एक स्वर में नई टीम को जिम्मेदारी सौंपते हुए संगठन को और अधिक सक्रिय व प्रभावशाली बनाने का संकल्प लिया। नई कार्यकारिणी में अनुभवी व ऊर्जावान चेहरों को जिम्मेदारी मिली है। नव नियुक्त सचिव राधेश्याम चिरानिया के अनुसार नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष रतनलाल चेतीवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीताराम कटारिया, कोषाध्यक्ष सोहनलाल बाकोलिया, संयुक्त सचिव एवं मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश सेवदा, विधि सलाहकार एडवोकेट रतनलाल तंवर, कार्यक्रम प्रभारी सज्जन कटारिया, सह कार्यक्रम प्रभारी अनिल कनवाड़िया, संगठन मंत्री रामस्वरूप सिंह आसलवासिया, संरक्षक मंडल व कोर कमेटी में समाज के वरिष्ठ एवं अनुभवी सदस्यों को शामिल किया गया है। जो संगठन को मार्गदर्शन देंगे। समिति में महिला सहभागिता को सशक्त करते हुए महिला शक्ति को विशेष स्थान दिया गया है। जिसके तहत महिला मंडल अध्यक्ष विमला कुमारी, सचिव कविता कटारिया, महिला संगठन मंत्री मंजीत सिंघल को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिससे सामाजिक व शैक्षिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी और बढ़ेगी। मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश सेवदा ने जानकारी दी कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव 14 अप्रेल को हर वर्ष की तरह इस बार भी पूरे उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इसी दिन एक ऐतिहासिक पहल के तहत लगभग 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाली निशुल्क डिजिटल लाइब्रेरी भवन की नींव रखी जाएगी। यह लाइब्रेरी विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई जाएगी। जिससे बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ अभियान को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी और शिक्षा और समाज विकास की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा। सभा में वक्ताओं ने कहा कि यह पहल क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी और बालिकाओं को आधुनिक संसाधनों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर छोटेलाल गजराज डीसी, राजेंद्रप्रसाद चेतीवाल, नंदलाल सूनिया मौजूद रहे।

# 14 विद्यार्थियों का सम्मान

**नवलगढ़,** 22 मार्च। सरस्वती स्कूल बलवंतपुरा में जेईई मैन के जनवरी सेशन में 14 विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के साथ सफलला प्राप्त की है। विद्यार्थियों का विद्यालय में साफा व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। विद्यालय निदेशक बीरबल सिंह गोदारा ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी आशीष ढाका पुत्र संदीप ढाका निवासी ढाका की ढाणी ने 98.83 पर्सेंटाइल, अक्षित पुत्र अशोक कुमार निवासी बाय ने 98.42 पर्सेंटाइल हासिल कर सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्थापित की है। इसके अलावा गरिमा पुत्री प्रीतम जांगिड़ ने 91.47 पर्सेंटाइल, रजनीश पुत्र मूलचंद ने 88.41 पर्सेंटाइल, ज्योति सैनी पुत्री बाबूलाल सैनी ने 87.37 पर्सेंटाइल, प्रिंस कुमार शर्मा पुत्र नरेंद्र ने 86.28 पर्सेंटाइल, दीक्षांत धायल पुत्र रमेश कुमार ने 85.73 पर्सेंटाइल, आर्यन मोरवाल पुत्र अशोक कुमार ने 85.6 पर्सेंटाइल, विशाल पुत्र अजय सिंह ने 82.77 पर्सेंटाइल, नवीन पुत्र उम्मेद सिंह ने 82.65 पर्सेंटाइल, लोहिताक्ष पुत्र श्यामसुंदर ने 80.98 पर्सेंटाइल व अमिश पूनियां पुत्र सुरेंद्र पूनियां ने 80.03 पर्सेंटाइल और दो अन्य विद्यार्थियों घनश्याम गुर्जर पुत्र मनोहर गुर्जर व अंकित पुत्र सुरेंद्र ने अच्छी पर्सेंटाइल प्राप्त की है। सभी विद्यार्थी पिछले वर्ष के आंकड़ों को देखते हुए जेईई मैन क्वालीफाई कर चुके है। उन्होंने बताया स्कूलिंग के साथ जेईई में सफलता प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इन्होंने कहा इससे यह सिद्ध होता है कि विद्यार्थी मेहनत करे और सही मार्गदर्शन मिले तो स्कूलिंग के साथ हर प्रतियोगी परीक्षा में सफलता संभव है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व स्टाफ को बधाई दी व विद्यार्थियों को आगे आने वाली परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय प्रधानाचार्य हेमंत दाधीच ने बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग व स्टाफ के मार्गदर्शन से ही संभव हो पाई है। उन्होंने बताया विद्यालय के विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा परिणाम में जबरदस्त सफलता प्राप्त कर रहे हैं। अंठोजी माध्यम के प्रधानाचार्य ब्रविम रॉय ने इस सफलता ने विद्यालय व क्षेत्रवासियों को रोमांचित किया है। यह सफलता विद्यार्थियों में आत्मविश्वास भरती है कि सही संस्थान में स्कूलिंग के साथ ही सफलता संभव है। उन्होंने बताया कि ये सफलता जुनियर विद्यार्थियों को और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। विद्यालय प्रशासनिक अधिकारी कीर्तिमान गोदारा ने बताया कि स्कूल की फाउंडेशन कक्षाओं से विद्यार्थी लगातार सफलता प्राप्त कर रहे है। यह हर वर्ष की परंपरा बन गई है। उन्होंने कहा की गत वर्ष सीयूईटी, जेट, एसटीएसई में सफलता के बाद विद्यार्थी दीक्षा ने कक्षा 10 में मेरिट के साथ नीट में सफलता प्राप्त कर राजकीय मेडिकल कॉलेज झालावाड़ में प्रवेश लिया था। अब जेईई में सफल विद्यार्थी एनआईटी तक में प्रवेश को सुनिश्चित कर चुके है। उन्होंने बताया कि यह सफलताएं विद्यालय के शानदार वातावरण, सक्षम शैक्षिक टीम व सकारात्मक प्रबंधन से प्राप्त हो रही है। गौरतलब है कि हाल ही में विद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने एसटीएसई में भी सफलता प्राप्त की है। जिनमें चार विद्यार्थियों ने ऑल बोर्ड आठवीं रैंक व तीन विद्यार्थियों ने राजस्थान बोर्ड में तीसरी रैंक हासिल कर बड़ा कीर्तिमान स्थापित किया है।

## समिति के अध्यक्ष बने पवन बाघला

**सूरतगढ़,** किशनपुरा आबादी स्थित श्री शिवनंदी गोशाला समिति की रविवार को हुई आमसभा में सर्वसम्मति से पवन बाघला को नया अध्यक्ष चुना गया। नंदीशाला परिसर में आयोजित इस आमसभा में संरक्षक ओमप्रकाश कालवा, पूर्व अध्यक्ष मनोहर लाल कवातड़ा, पंचायत समिति प्रधान हजारीराम मील, ईओ पूजा शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सोनी तथा चुनाव अधिकारी के रूप में पालिका के लेखाकार महेंद्र गोदारा मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए निवर्तमान अध्यक्ष अनिल धानुका ने नए अध्यक्ष पद के लिए पवन बाघला का नाम प्रस्तावित किया, जिसका समर्थन पूर्व पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश कालवा और परसराम भाटिया ने किया। इसके बाद मौजूद सदस्यों ने सर्वसम्मति से पवन बाघला को अध्यक्ष घोषित किया। आमसभा में सचिव कृष्ण छींपा ने संस्था की आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि समिति के पास करीब 4 लाख रुपए की एफडी, 14 लाख रुपए बैंक बैलेंस तथा लगभग साढ़े तीन लाख रुपए नकद राशि शेष है। निवर्तमान अध्यक्ष अनिल धानुका ने अपने चार साल के कार्यकाल का उलेख करते हुए।

## सार-समाचार

### जलवायु परिवर्तन विषय पर आज झुंझुनूं में क्षेत्रीय बैठक

**झुंझुनूं,** । जलवायु परिवर्तन को वैश्विक स्तर पर गंभीर संकट के रूप में देखा जा रहा है। जिसका असर पर्यावरण के साथ-साथ खेती, स्वास्थ्य और आजीविका पर भी पड़ रहा है। इस चुनौती से निपटने के लिए स्थानीय स्तर पर जागरूकता और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए झुंझुनूं में एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक 23 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे बाबा प्रकाशपुरी रेस्टोरेंट एंड होटल पुराना बस स्टैंड कोतवाली के सामने आयोजित होगी। कार्यक्रम का आयोजन सिकोईडिकोन और सारथी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। सारथी संस्था के सचिव राजेंद्र सैन ने बताया कि बैठक में जलवायु परिवर्तन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी और स्थानीय समुदायों एवं जनसंगठनों को इस दिशा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। आयोजकों ने आमजन एवं संबंधित लोगों से बैठक में शामिल होकर इस महत्वपूर्ण विषय पर विचार-विमर्श में भाग लेने की अपील की है।

### विश्व जल दिवस मनाया

**झुंझुनूं।** ग्राम इंडाली में विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करना और जल बचाने के लिए प्रेरित करना था। समाजसेवी निरंजन सिंह जानूं के मार्गदर्शन में डॉ. अरविंद भालोठिया ने पौधे उपलब्ध करवाए। इस अवसर पर ठााम इंडाली और हेजमपुरा के ठाामीण ने अपने हाथों से पौधे लगाए और उनको पालने की शपथ ली । इस अवसर पर गौशाला सचिव महावीर शर्मा, प्रिंसिपल सुरेंद्र डूडी, बजरंगलाल देग, रामकरण, राजेंद्र लांबा, रतनलाल, भालाराम मान, बजरंगसिंह शेखावत, कैप्टन रामनिवास, जगदीश कड़वासरा, कोषाध्यक्ष संतू, पंकज देग, अंकित देग, अजय, बंटी, कुणाल, लखन, अनिल, सूरज, आयुष भालोठिया, कृश, विजय देग आदि मौजूद थे।

### अंबेडकर शिक्षा समिति ने मनाया जल दिवस

**चिड़ावा,** । सामाजिक संस्था अंबेडकर शिक्षा समिति ने समिति कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय जल दिवस मनाया। इस अवसर पर राहगीरों को ठंडा और शुद्ध पानी पिलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की महिला अध्यक्ष सुमन लता ने की। इस अवसर पर समिति के सचिव सीताराम पंवार ने अपने संबोधन में ताजे पानी के महत्व, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा पानी जीवन के लिए पानी बहुत जरूरी है। इसलिए यह दिवस हमें याद दिलाता है कि जल ही जीवन का आधार है। इसे बचाने की हम सब की जिम्मेदारी है। सुमनलता ने अपने उद्बोधन में कहा कि गर्मी की तपन में पानी की अधिक जरूरत होती है। अंत में सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दीपिका पनिहार, शिवप्रसाद सहित ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बंशीलाल, महेंद्रसिंह, कौशल्यादेवी, मुकेश, महावीरप्रसाद, ओमप्रकाश, हरिसिंह, संदीप कुमार, संतोष देवी सहित उपस्थित थे।

### तारां छाई रात में आकर्षक प्रस्तुतियों ने किया लोक संस्कृति को साकार

**चूरू:** स्थानीय सब्जी मंडी में गणगौर पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणगौर चौक मेला कमेटी की ओर से तारां छाई रात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान के प्रसिद्ध गायक कलाकार बुदू खां ने एक से बढ़कर एक शानदार गीतों की प्रस्तुतियां देकर लोक संस्कृति को साकार कर उपस्थित जन को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान तबले पर रमजान खान, ढ़ोलक पर इलियास खान और सैक्सोफोन पर रसीद ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक देर रात तक डटे रहे। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकार इंतजार, उमेश दाधीच, रमेश पारीक, विपिन दाधीच ने भी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट पवन शर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रमोद बाजोरिया थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शिवकुमार गोयनका, हनुमान आदित्य, राजेंद्र सिंघी व एडवोकेट हनुमान स्वामी थे। उमेश व्यास, गोवर्धन शर्मा, प्रकाश देव शर्मा, लाबू होलोनी, बजरंग जालान, सुशील पीपलवा आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट पवन कुमार शर्मा, विजय कुमार सारस्वत, गोपाल कुदाल, संजय सैनी, गोपी गुसाई, मुकेश झिकनाडिया, राजेश सिंघी ने कार्यक्रम में सहयोगी भूमिका निभाई। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार चौबे, महेश हारित, पंकज ओझा, गुरदास भारती, नारायण शर्मा सहित अनेक संगीत प्रेमी उपस्थित थे।

### श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में- कपिल शान

**चूरू:** औद्योगिक क्षेत्र में रोड नं. 04 स्थित महाकाली धाम सेवा संस्थान का नवरात्रा स्थापना दिवस पर शनिवार को 18वां विशाल रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। संस्थान के संस्थापक पुष्प दत गुप्ता ने ज्योत प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रतनगढ़ के गायक कलाकार कपिल शान एंड पार्टी ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। इस दौरान गायक कलाकारों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने तीन बाण के धारी तीनों बाण चलाओ ना, श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, चौसठ जोगनी रै.....भवानी मंदिरीय रमजा रै.......जैसे भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में समां बांध दिया। भजनों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। इस मौके पर सजाई गई दुर्गा माता की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर कमल शर्मा, व्यवस्थापक तेजपाल गुप्ता, रोहित गुप्ता, राजू, राजेंद्र सोनी, बंटी, सुनील, विशाल आदि ने कार्यक्रम में सहयोगी भूमिका निभाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे। संरक्षक शिवपूजन गुप्ता ने आगंतुक सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

### 'नर सेवा ही नारायण सेवा है'

**चूरू:** अठासेन नगर स्थित सामुदायिक भवन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, श्रीभगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर, सेवा समर्पण फाउंडेशन व अठासेन नगर समठा विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय विशाल निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का शुभारंभ रविवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, श्रीभगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सचिव भूपेन्द्र राज मेहता, सेवा समर्पण फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेन्द्र सैनी, अठासेन नगर समठा विकास समिति के अध्यक्ष बनवारीलाल शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, विक्रम सिंह कोटवाद, विकी टीकीवाल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेन्द्र सिंह राठौड़, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया व भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गोपाल बालाण ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। दिव्यांग जनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाना हम सब का दायित्व है। राठौड़ ने कहा कि नरेंद्र सैनी के नेतृत्व में सेवा समर्पण फाउंडेशन व श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय है। इससे जरूरतमंद लोगों को कृत्रिम अंग उपकरण आसानी से मिलेंगे। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सामाजिक सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। हर व्यक्ति के मन में सेवा का भाव होना चाहिए। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेन्द्र सैनी ने स्वागत भाषण में कहा कि दिव्यांग भाई-बहनों की सेवा से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं है। ऐसे शिविरों के माध्यम से अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। श्री भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति के सचिव भूपेन्द्र राज मेहता ने बताया कि समिति के माध्यम से 1975 से 51 वर्षों में लगभग 02 लाख 50 हजार दिव्यांग लाभान्वित हो चुके हैं। इस अवसर पर सज्जन लाटा ने मंगलाचरण से पूजा अर्चना की। इस अवसर पर सोहनलाल दाधीच, हुक्मचन्द गौड व राजेन्द्र शर्मा ने रजिस्ट्रेशन में सहयोग किया। किशोर न्याय बोर्ड सदस्य ताराचंद सैनी, करणी सेना जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह शेखावत, मनीष सैनी, गोपीचंद तंवर, भंवरलाल गुर्जर, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अख्तर खान, होलसेल भंडार अध्यक्ष मोहन लाल गढ़वाल, क्षेत्रपाल बालाजी सेवा समिति चूरू के मनीष स्वामी, अनिल सैनी, सुरेन्द्र सैनी, रामस्वरूप शर्मा, विमल भटनागर, सुरेश शर्मा, डीके सैनी, गोपीचंद तंवर आदि ने मंचस्थ अतिथियों का अभिनंदन किया। शिविर के प्रथम दिन 150 दिव्यांगजनों को 26 ट्राई साइकिल, 10 व्हील चेयर, 21 कान की मशीन, 11 बैसाखीयां, 3 वॉकर, 8 कैलीपर व 30 कृत्रिम हाथ व पैर वितरित किए गए।